# कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

कमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/स–2/60115/इन्सपायर अवार्ड/2019–20/ दिनांक : 03.01.2020

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
**माध्यमिक (मुख्यालय)**

विषय :– इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना 2019–20 की जिला एवं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी आयोजन एवं व्यय के सम्बन्ध में दिशानिर्देश।

प्रसंग :– इस कार्यालय के पत्र दिनांक 17.12.2019 एवं NIF से प्राप्त मेल दिनांक 26.12.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम मे लेख है वर्ष 2019–20 की INSPIRE AWARDS-MANAK SCHEME (Million Minds Augmenting National Aspiration and Knowledge) की जिला एवं राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC/SLEPC) का आयोजन हेतु पूर्व में दिनांक 17.12.2019 को निर्देश जारी किये गये थे । जिला एवं राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC/SLEPC) आयोजन एवं व्यय के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देशों की पालना करना सुनिश्चित करें:–

- जिला स्तरीय प्रदर्शनी (DLEPC) आयोजन हेतु 2000 रू. प्रति विद्यार्थी अधिकतम बजट जारी किया गया है, यह बजट अधिकतम 3 दिवस के लिए जारी किया गया है इस बजट का व्यय अनुपातिक रूप से किया जाए, अतः एक दिवस के लिए 670 रू. प्रति विद्यार्थी व्यय किया जावें।
- राज्य स्तरीय प्रदर्शनी (SLEPC) आयोजन हेतु अधिकतम 2500 रू. प्रति विद्यार्थी बजट जारी किया गया है, यह बजट अधिकतम 3 दिवस के लिए जारी किया गया है इस बजट का व्यय अनुपातिक रूप से किया जाए, अतः एक दिवस के लिए 830 रू. प्रति विद्यार्थी व्यय किया जावें।
- यह राशि जिला/ राज्य स्तरीय आयोजन (DLEPC/SLEPC) पर व्यय की जाना है जिसमें निम्नलिखित मदों में व्यय किया जाना है : –
  1. जिला स्तरीय प्रदर्शनी में 250 से 500 चयनित विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। यदि एक जिले में चयनित विद्यार्थियों की संख्या कम है तो संभाग स्तर पर किसी एक जिले में प्रदर्शनी आयोजित की जावेगी।
  2. जिला/राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में चयनित विद्यार्थियों को प्रदर्शनी स्थल तक आने व जाने का किराया एवं मॉडल बनाने का व्यय इन्सपायर आवार्ड राशि 10,000/-- रूपये में सम्मिलित है।
  3. सभी चयनित विद्यार्थियों (छात्र/छात्राओं) के लिए प्रतिदिन आयोजन हेतु आवास, चाय, नाश्ता, भोजन की उत्तम व्यवस्था की जावे।
  4. जिला एवं स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC/SLEPCद्ध ऐसे प्रतिष्ठित विद्यालय में आयोजित की जाए जिसमें प्रदर्शनी आयोजन हेतु पर्याप्त बडा हॉल, बडे कमरे हों। जिससे टेन्ट आदि लगाने की आवश्यकता नहीं रहे। अन्य सुविधाएं यथा स्वच्छ पानी, स्नानागार, शौचालय, प्रतिभागियों के ठहरने–सोने आदि की उचित व्यवस्था हो, जो शहर के मध्य में प्रमुख स्थल पर स्थित हो जहां आसानी से पहुंचा जा सके।
  5. प्रदर्शनी में संभागी विद्यार्थियों के साथ साथ प्रभारी अध्यापकों, आयोजन में ड्यूटी पर लगे अधिकारियों/कर्मचारियों के चाय, नाश्ता, खाने की भी व्यवस्था की जावें।
  6. छात्र–छात्राओं के आवास की विशेष व्यवस्था की जावे जिसमें छात्र छात्राओं को अलग–अलग भवनों (बिल्डिंग) में ठहराया जावे जहां स्वच्छ शोचालय स्नानागार हो पर्याप्त स्पेस वाले कक्ष हो सर्दी के मौसम के हिसाब से साफ सुथरे गर्म बिस्तर व गर्म पानी की व्यवस्था हो ।
  7. खाने व नास्ते के लिए साफ सुथरी व रसोई व भोजन कक्ष हो बर्तन व सफाई व्यवस्था अच्छी हो।
  8. सम्पूर्ण प्रदर्शनी की प्रतिदिन की वीडियोग्राफी व फोटो ग्राफी करवाई जानी है।
  9. बाहर से आने वाले व स्थानीय स्तर पर नियुक्त जूरी सदस्यों को यात्रा व दैनिक भत्ता भी दिया जाना है तथा भोजन एवं आवास की व्यवस्था की जानी है।
  10. प्रदर्शनी हेतु लाईट, स्टॉल, पर्दे, टेबल आदि की समुचित व्यवस्था की जानी है। जिससे विद्यार्थी अपने मॉडल अच्छी तरह प्रदर्शित कर सके।
  11. आयोजन में काम आने वाली स्टेशनरी, प्रिंटिग कार्य, फोटो कॉपी आदि पर व्यय किया जाना है एवं अन्य विविध व्यय भी इसी राशि में सम्मिलित है।
  12. यदि चयनित विद्यार्थी दिव्यांग है तो विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक को भी भोजन एवं आवास की व्यवस्था की जावे।

13. **इस बात को सुनिश्चित करें की आयोजन का समस्त व्यय प्रति विद्यार्थी प्रतिदिन अधिकतम आंवटित राशि के अनुसार ही करना है। इससे अधिक व्यय का भुगतान किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जायेगा।**
14. जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC) एवं राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (SLEPC) सम्पन्न हो जाने के पश्चात् व्यय विवरण पत्रक, प्रर्दशनी के पांच समेकित फोटोग्राफ, प्रतिभागी विद्यार्थियों के पंजीकरण रजिस्टर की फोटोप्रति (उपस्थिति मय हस्ताक्षर) निदेशक,माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर को 05 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।
15. DLEPCs/ SLEPCs के आयोजन हेतु मांग पत्र भिजवाने से पूर्व सम्बधित जिलों द्वारा अब तक उनके जिले में आयोजित DLEPCs/ SLEPCs का आय–व्यय विवरण पत्र (S.O.E.) तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र (U.C.) निर्धारित प्रपत्र में भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि इस वर्ष आयोजित DLEPCs/ SLEPCs के लिए राशि का आवंटन शीघ्रता एवं सुगमता से किया जा सके।
16. **समस्त प्रकार के व्यय,सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार एवं शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों एवं परिपत्रों के अनुरूप निर्धारित सीमा में किया जावें।**

➢ इन्सपायर अवार्ड मानक योजना 2019–20 में चयनित विद्यार्थियों के बैंक खातो में प्रति विद्यार्थी 10,000/– रूपये स्थानान्तरित कर दिये गए है। अब तक जिन विद्यार्थियों को खाते में पुरस्कार राशि 10000 /– रूपये किसी कारण से नहीं मिले है, उन समस्त विद्यार्थियों की नोमिनेशन के समय दी गई अपनी प्रमाणित ईमेल पर DST/NIF कार्यालय की ईमेल-inspire.award@nic.in द्वारा अवगत करवा दिया गया है, वो निम्नानुसार कार्यवाही करें:–

1. अपने पूर्व में दिये गए खाता न. वाले खाते का 15 अक्टूबर से 15 दिसम्बर तक के स्टेटमेन्ट की प्रति एवं वर्तमान में कार्यरत उस बैंक का नाम एवं बैंक खाता संख्या, आईएफसी कोड एवं खाताधारक छात्र/छात्रा के नाम स्पष्ट अंकित हो एवं पासबुक का प्रथम पृष्ठ या अन्य प्रमाणित दस्तावेज एवं अब तक पैसा न मिलने का कारण लिखते हुए पुरस्कार राशि मांगने का प्रार्थना पत्र जो संस्था प्रधान द्वारा प्रमाणित हो, यह समस्त प्रकिया विद्यार्थी की नोमिनेशन के समय दी गई अपनी प्रमाणित ईमेल से DST/NIF कार्यालय की ईमेल-inspire@nifindia.org पर ईमेल करवाना सुनिश्चित करें। अन्यथा विद्यार्थी उपर्युक्त प्रार्थना पत्र के साथ प्रमाण पत्र/स्टेटमेन्ट संलग्न कर अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक कार्यालय की ईमेल से DST/NIF कार्यालय की ईमेल-inspire@nifindia.org पर ईमेल करवाना सुनिश्चित करें।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित की सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. संयुक्त सचिव,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय,विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नया मेहरोली मार्ग, नई दिल्ली ।
2. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन एवं पालनार्थ।
4. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय, झुन्झूनू को अनिवार्यतः पालनार्थ।
5. अनुभाग अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत्।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर